| Rajasthan High Court | 20 | Starting On 20 Novemberr 2019 | 5000 |
| Indian Navy SSR / MR 2020 | 30 | Starting On 23 Novemberr 2019 | 2700 |
| REET Level 1 & 2 | 35 | ऑफिशल नोटिफिकेशन जारी होते ही | 35000+ |
| Rajasthan Police Constable & SI | 50 | Being Provided उपलब्ध कराये जा रहे है | 5000 |
| Rajasthan Patwar Modal Paper | 50 | Being Provided उपलब्ध कराये जा रहे है | 3835 |
| Railway Group D | 30 | Being Provided उपलब्ध कराये जा रहे है | 1,03,769 |
| Railway NTPC | 30 | Being Provided उपलब्ध कराये जा रहे है | 35,277 |
| BSTC & PTET | 40 | Starting On 01 January 2020 | 24,000+ |
| Haryana Police | 10 | Being Provided उपलब्ध कराये जा रहे है | 6000 |
| RSSB Stenographer | 15 | ऑफिशल नोटिफिकेशन जारी होते ही | 1085 |
| RSSB Gram Sevak | 15 | ऑफिशल नोटिफिकेशन जारी होते ही | 2140+ |

**यदि आप भी मुफ्त मोडल पेपर प्राप्त करना चाहते है तो जिस Vacancy की तैयारी कर रहे हो उस Vacancy का नाम लिखकर WhatsApp No. 8949451550 पर मैसेज करे**

www.studygyan24.com studygyan24 dinesh_choudhary09

→ इस झील के पास <u>सहेलियों की बाड़ी</u> (उद्यान) स्थित है।

4. राजसमन्द झील →

राजसमन्द

- राजसमन्द झील <u>कांकरोली रेल्वे स्टेशन</u> के पास है।

* राज प्रशस्ति ⇒ '<u>मेवाड़ का इतिहास</u>'
↓ इस झील के किनारे है।

<u>विश्व की सबसे बड़ी प्रशस्ति</u>

- <u>संस्कृत</u> भाषा में
- राजसिंह के दरबारी कवि <u>रणछोड़ भट्ट</u> तैलंग द्वारा प्रशस्ति लिखी गई। → काले रंग के संगमरमर के पत्थरों पर 25 शिलालेख

- इस झील का निर्माण राजसिंह ने <u>1662-72</u> A.D. में करवाया।

- इस झील के उतरी भाग को नौ-चौकी की पाल कहा जाता है।

- इस झील के किनारे <u>राजसमंद</u> <u>द्वारिकाधीश</u> का मन्दिर है।

- इस झील के पास बैबर माता का मन्दिर बना हुआ है।

* पुष्कर झील → अजमेर
→ क्रेटर झील का उदाहरण है, प्राकृतिक व प्राचीन है।
Imp राजस्थान की सबसे बड़ी प्राकृतिक मीठे पानी की झील।
- कार्तिक पूर्णिमा को मेला → राजस्थान का रंगीन मेला
- 52 घाट → परिहार शासकों द्वारा निर्माण
- 1911 में मैडम मैरी ने 1 घाट का निर्माण करवाया → गाँधी घाट

* आनासागर झील → अजमेर
- 1137 AD में अर्णोराज ने निर्माण करवाया।
- चन्द्रा नदी निकलती है।
- जहाँगीर ने यहाँ दौलत बाग बनवाया। वर्तमान में सुभाष उद्यान कहलाता है।
- झरने का निर्माण
- शाहजहाँ ने - 5, → 12 दरियों का निर्माण करवाया था

* फायसागर झील - अजमेर
* कोलायत झील - बीकानेर
* बालसमन्द → जोधपुर
* कायलाना → जोधपुर
* नक्की झील → माउण्ट आबू

खारे पानी की झील ⇒
सांभर
डीडवाना
कुचामन
डेगाना
नावा
लाल छापर
पचपदरा

राजस्थान का 1st रामसर स्थल → केवलादेव, IInd → साँभर झील

# राजस्थान की नदी घाटी परियोजनाएं (सिंचाई)

**सिंचाई** :- वर्षा के अभाव मे भूमि को कृत्रिम तरीके से जल पिलाने की क्रिया को सिंचाई कहा जाता है।

→ राजस्थान एक कृषि प्रधान राज्य है यहां की लगभग 70% जनसंख्या कृषि पर आधारित है।

→ राजस्थान की भौगोलिक स्थितियों के आधार पर जैसे बलूई मिट्टी, वर्षा की कमी के कारण सिंचाई की अत्यधिक आवश्यकता होती है। क्योंकि राजस्थान मे भारत के औसत वर्षा का लगभग आधे से भी कम औसत वर्षा होती है। (57.6 cm.)

India - 117

**सिंचाई की विशेषताएं** :-

(i) सिंचाई से कृषि के उत्पादन मे वृद्धि होती है।

(ii) सिंचाई के द्वारा एक वर्ष मे एक से अधिक फसलों का उत्पादन किया जा सकता है।

(iii) सिंचाई कृषि को स्थायित्व प्रदान करती है लेकिन जिन स्थानो पर किसान वर्षा पर आधारित होते है उन स्थानों पर कृषि मानसून का जुआ बन जाती है।

(iv) जिन ~~स~~ स्थानो पर कृषि के कृत्रिम तरीके उपलब्ध नहीं होते उन स्थानो पर कृषि असीमित होती है ~~कि~~ लेकिन जिन स्थानो पर उपलब्ध होते है वहां पर कृषि अर्थव्यवस्था की विशेषता बन जाती है।

राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है। जिसका कुल क्षे० 342.52 लाख हैक्टेयर है।

1 हैक्टेयर = 100 Meter X 100 Meter = 10,000 $M^2$

→ इस कुल क्षेत्रफल का राजस्थान में कृषि योग्य क्षेत्र 260.01 (75%) लाख हैक्टेयर (75%) है जो कि देश के कुल कृषि क्षेत्र का 11% है।

→ इस कुल कृषि क्षेत्र में से शुद्ध सिंचित क्षेत्र 66.61 लाख हैक्टेयर एवं सकल सिंचित क्षेत्र 83.22 लाख हैक्टेयर है।

## राजस्थान में सिंचाई के साधन

1. **कुए व नलकूप** :- 69.73%

→ राजस्थान में सबसे अधिक इन साधनों से सिंचाई जयपुर में होती है इसके अलावा अलवर, भरतपुर, करौली, दौसा, सवाईमाधोपुर आदि में होती है।

2. **नहरें** :- 29.60%

राजस्थान में सबसे अधिक नहरों से सिंचाई गंगानगर और हनुमानगढ़ में होती है। इसके अलावा चुरु, झुंझुनु, बीकानेर जैसलमेर, बाड़मेर, जालौर, जौधपुर आदि में नहरों के द्वारा सिंचाई होती है।

3. **तालाब** :- 0.69%

→ राजस्थान में सबसे अधिक तालाबों से सिंचाई भीलवाड़ा जिले मे होती है इसके अलावा दक्षिणी राजस्थान में भी होती है।

→ नदी घाटी परियोजनाएं चार प्रकार की होती है।

(a) **बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना** :-

वे परियोजनाएं जिनसे सिंचाई, पेयजल एवं विद्युत आदि की पूर्ति करवायी जाती हैं। बहुउद्देश्य परियोजनाएं कहलाती है।

जैसे

(i) भाखड़ा नाँगल परियोजना

(ii) व्यास परियोजना

(iii) चम्बल - घाटी परियोजना

(iv) माही परियोजना

(b) **वृहद परियोजनाएं** :- वे परियोजनाएं जिनका सिंचाई क्षेत्र 10,000 हैक्टेयर से अधिक हो।

जैसे- - गंग नहर

- इंदिरा गांधी नहर
- राजीव गांधी सिद्धमुख नोहर
- रत्न पुरवा
- नर्मदा
- जाखम
- बीसलपुर

- ईशरदा बांध (सवाईमाधोपुर)

(c) **मध्यम परियोजनाएं** :- वे परियोजनाएं जिनका कृषि योग्य क्षेत्र 2,000 से 10,000 हैक्टेयर तक हो।

जैसे- - सावन-भादो
- विलास
- सोम- कागदार
- सोम- कमला - अम्बा

(d) **लघु परियोजनाएं** :- वे परियोजनाएं जिनका कृषि योग्य क्षेत्र 2000 हैक्टेयर से कम हो।

a) बहुउद्देश्य नदी घाटी परियोजना ⇒

(i) **भाखड़ा - नांगल परियोजना** :- यह देश की सबसे बड़ी नदी घाटी बहुउद्देश्य नदी घाटी परियोजना है जो कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा की मिश्रित परियोजना है। इस परियोजना के निर्माण का सर्वप्रथम विचार 1908 में लुईस डेन के मस्तिष्क में आया।

→ लेकिन स्वतंत्रता के बाद मार्च 1948 में इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ।

→ इस परियोजना का निर्माण दो चरणों में हुआ जिसमे दो बांध बनाये गये।

(i) भांखड़ा बांध :→ यह देश का द्वितीय सबसे ऊंचा बांध है जिसकी आधारशिला 17 NOV. 1955 को देश के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के द्वारा रखी गयी।

→ जो कि ~~Oct~~ 1960 में अमेरिकी बांध निर्माता हार्वे स्लोकेम के निर्देशन में बनकर तैयार हुआ। जिसे 22 Oct 1963 को जवाहर लाल नेहरू ने राष्ट्र को समर्पित कर दिया।

→ इस बांध का निर्माण सतलज नदी पर हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में किया गया है। इस बांध की ऊंचाई 225.55 Meter, लम्बाई - 518.16 Meter & चौड़ाई - 9.14 Meter है

→ इस बांध के पिछे के जलाशय को गोविन्द सागर झील कहा जाता है जो कि भारत की ~~सबसे~~ बड़ी ~~के~~ मीठे पानी की कृत्रिम झील है।

(India का सबसे ऊंचा - **टिहरी** बांध - 261 meter)

→ इस बांध के दोनो किनारो पर विद्युत संयंत्र स्थापित किये गये है जिनकी कुल विद्युत क्षमता

→ 108 × 5 = 540 Mw

→ 157 × 5 = 785 Mw है।

(ii) नांगल बांध :- यह बांध पंजाब के रोपण जिले मे स्थित है। सतलज नदी पर

→ इस बांध की लम्बाई ~~3~~ 40.8 Meter & ऊंचाई 29 Meter है इस बांध पर दो विद्युत संयंत्र लगाये गये है

(i) गंगेवाल - 83.58 Mw

(ii) कोटला - 84.57 Mw

इस बांध से सिंचाई के लिए दो नहरे निकली गयी है।

* बारी - बिस्ट दोआब

* भांखड़ा नहर

NOTE भांखड़ा नांगल समझौता 1959 के अनुसार राजस्थान को इसका 15.22 % हिस्सा प्राप्त होता है।

→ इस परियोजना की कुल विद्युत क्षमता 1493 Mw एवं सिंचाई क्षमता 14.6 लाख हैक्टेयर है जिसमे से राजस्थान को 2.3 लाख हैक्टेयर पर सिंचाई उपलब्ध होती है एवं 227.32 Mw विद्युत प्राप्त होती है।

NOTE राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में इस परियोजना से सिंचाई सुविधा एवं सीकर, चुरु, झुंझुनु, हनुमानगढ़, गंगानगर एवं बीकानेर को पेयजल की आपूर्ति करवायी जाती है।

* 2) **चम्बल नदी घाटी परियोजना** :- यह परियोजना राजस्थान और M.P. की मिश्रित परियोजना है। जिसमें राजस्थान और M.P. का 50-50 % हिस्सा है।

इस परियोजना का निर्माण 3 चरणों में हुआ है।

(i) प्रथम चरण :- 1953-60 A.D.

Imp. इस चरण मे दो बांध बनाये गये।

* गांधी सागर
* कोटा बैराज

(ii) दूसरा चरण :- 1960-70 A.D.

Imp. इस चरण मे 'राणा प्रताप सागर' बांध बनाया गया।

(iii) तीसरा चरण :- 1962-73 A.D.

Imp. इस चरण मे 'जवाहर सागर बांध' बनाया गया।

(i) I चरण :- 1953-1960 A.D.

a) गांधी सागर बांध :- यह चम्बल नदी पर निर्मित सबसे पहला एवं सबसे बड़ा बांध है।

→ इस बांध का निर्माण 1960 A.D. को पूरा हुआ। यह बांध M.P के मंदसौर जिले में भानपुरा तहसील मे चम्बल नदी पर स्थित है। इस बांध पर 23 MW की 5 विद्युत ईकाईयां लगाई गई है जिससे कुल 115 MW विद्युत का उत्पादन होता है।

b) <u>कोटा बैराज</u> :- यह चम्बल नदी पर निर्मित <u>III बांध</u> है

→ लेकिन <u>राजस्थान</u> में चम्बल नदी पर निर्मित <u>1 बांध</u> है

→ इस बांध से विद्युत का उत्पादन नहीं होता यह <u>केवल</u> <u>सिंचाई</u> के लिए निर्मित किया गया है।

इससे सिंचाई के लिए दो नहरे निकाली गई है।

(i) दायी नहर (ii) बायी नहर

(i) दायी नहर :- इससे <u>राजस्थान</u> और <u>M.P</u> दोनो मे सिंचाई होती है।

→ राजस्थान मे इस नहर से <u>8 लिफ्ट</u> नहर निकाली गयी है। जिनमें से <u>दो</u> <u>कोटा मे</u> सिंचाई करती है एवं <u>6</u> <u>बारां</u> मे सिंचाई करती है।

(i) जालीपुरा
(ii) टीगोढ } - कोटा
(iii) अन्ता - अंता लिफ्ट नहर
(iv) अंता - अंता लिफ्ट Minor
(v) सोरखण्ड
(vi) पंचेल
(vii) गणेशगंज
(viii) कचारी

NOTE इन नहरो से राजस्थान के कुल 15633 हैक्टेयर क्षेत्र पर सिंचाई होती है एवं M.P के 1.70 लाख हैक्टेयर क्षेत्र पर सिंचाई होती है।

(ii) बायी नहर :- इससे केवल राजस्थान मे सिंचाई होती है

II चरण :- 1960-70 A.D.

राणा प्रताप सागर बांध :-

यह चम्बल नदी पर निर्मित चित्तौड़ के रावत भाटा नामक स्थान पर स्थित है

→ इस बांध पर 43 MW की 4 विद्युत इकाईयां लगाई है जिनसे कुल विद्युत का उत्पादन 172 MW होता है।

→ इस बांध की लम्बाई 110 Meter & ऊंचाई 36 Meter है। इस बांध से 1.2 लाख हैक्टेयर क्षेत्र पर सिंचाई की जाती है।

III चरण :- 1962-1973 A.D.

जवाहर सागर बांध

→ यह बांध कोटा के बोराबास नामक स्थान पर चम्बल नदी पर निर्मित है।

→ इस बांध पर 33 MW की 3 विद्युत इकाईयां लगी हुई है जिनसे कुल विद्युत का उत्पादन 99 MW होता है।

NOTE चम्बल नदी पर कुल विद्युत का उत्पादन 386 Mw होता है एवं 4.58 लाख हैक्टेयर क्षेत्र पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होती है।

जिसमें से राजस्थान को 50% हिस्सा प्राप्त होता है।

3.> माही नदी घाटी परियोजना :-

यह राजस्थान एवं गुजरात की मिश्रित परियोजना है जिसमें राजस्थान और गुजरात का अनुपात 45 : 55 है।

इस नदी पर तीन बाँध स्थित है

(i) माही बजाज सागर बाँध } - बांसवाड़ा
(ii) कागदी पिकअप वीयर बाँध }

(iii) कडाना बाँध - पंचमहल - गुजरात
↳ रामपुर नामक स्थान पर

→ इस नदी घाटी परियोजना से कुल विद्युत का उत्पादन 140 Mw होता है एवं इससे 8.8 लाख हैक्टेयर क्षेत्र पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होती है।

4.> व्यास नदी घाटी परियोजना :-

→ यह राजस्थान, पंजाब और हरियाणा की मिश्रित परियोजना है जिसका निर्माण दो चरणों में हुआ है

प्रथम चरण :-

(i) पंडोह बांध :→ यह बांध हिमाचल प्रदेश के मण्डी कस्बे में व्यास नदी पर स्थित है। इस बांध पर 165 MW की 6 विद्युत इकाईयां देहर नामक स्थान पर स्थापित की गई हैं जिनसे कुल विद्युत का उत्पादन 990 MW होता है।

→ इस बांध से एक हाइडल चैनल नहर निकाली गई है।

NOTE राजस्थान को ~~पंह~~ पंडोह बांध से 20% एवं पोंग बांध से 59% लाभ प्राप्त होता है।

II चरण

(ii) पोंग बांध :- यह बांध हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में व्यास नदी पर स्थित है

→ इस बांध पर 66 MW की 6 विद्युत इकाई लगी हुई है जिनसे कुल विद्युत का उत्पादन 396 MW होता है।

* शीतकाल में इन्दिरा गांधी नहर को पोंग बांध से पानी की आपूर्ति करायी जाती है।

→ इस चरण मे हाइडल चैनल की बग्गी बाईपास नहर पर 20MW की 2 विद्युत इकाईयां स्थापित की गई है जिनसे कुल 40MW का उत्पादन होता है।


## व्यास नदी जल विवाद :-

व्यास नदी के जल विवाद को शांत करने के लिए 1986 A.D. मे अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम लागू किया गया। जिसमे ईराडी की अध्यक्षता मे एक इराडी आयोग गठित किया गया। इस आयोग ने अपनी रिपोर्ट मई 1987 A.D. मे प्रस्तुत की जिसके अनुसार पंजाब को 50 लाख एकड़ ~~फीट~~ फीट पर हरियाणा को 38 लाख 30 हजार एकड़ फीट पर एवं राजस्थान को 86 लाख एकड़ फीट पर आवंटित किया गया है।

b) वृहद परियोजनाएं :-

——— Lift नहर

* राजस्थान नहर :-



→ राजस्थान के मरु प्रदेश में हिमालय के पानी को लाकर हरा-भरा करने के लिए इस नहर का प्रारुप बीकानेर राज्य के सिंचाई इंजीनीयर कंवर सेन के द्वारा अपने ~~लि~~ लेख 'बीकानेर राज्य में पानी की आवश्यकता (1948)' में तैयार किया।

→ राजस्थान के मरु प्रदेश की स्थितियों को देखते हुए केन्द्र सरकार ने इसके प्रारुप को मंजूरी दे दी एवं सर्वप्रथम 31 March 1958 को ~~तत्~~ तत्कालीन केन्द्रीय गृह मंत्री श्री गोविन्द वल्लभ पन्त के द्वारा इसकी आधारशिला रखी गई।

*→ इस नहर को पंजाब के फिरोजपुर जिले में व्यास और सतलज नदियों के संगम पर स्थित हरिके बैराज से निकाला गया है।

→ इस नहर की कुल लम्बाई 649 km. है। इस नहर की गहराई 21 feet & इसके तल की चौड़ाई 134 feet है। इस नहर का निर्माण दो चरणों में हुआ है।

1. प्रथम चरण :- प्रथम चरण मे राजस्थान फीडर एवं मुख्य नहर का निर्माण किया गया

I चरण

- राजस्थान फीडर
  - 204 Km.
    - 150 km. पंजाब
    - 19 km. हरियाणा
    - 35 km. राजस्थान
- मुख्य नहर
  - 189 Km.
  - मसीता वाली हैड (हनुमानगढ़) से पुगल (बीकानेर) तक स्थित है

→ राजस्थान फीडर हरिके बैराज से लेकर मसीता वाली हैड हनुमानगढ़ तक स्थित है।

→ प्रथम चरण की मुख्य नहर मसीता वाली हैड हनुमानगढ़ से पुगल बीकानेर तक स्थित है।

2. द्वितीय चरण :-

दूसरे चरण मे नहर का निर्माण पुगल (बीकानेर) से लेकर मोहनगढ़ (जैसलमेर) तक किया गया। जिसकी कुल लम्बाई 256 Km. है

इस नहर से सिंचाई के लिए सर्वप्रथम 9 शाखाओ का निर्माण किया गया।

जिनमें से 1 शाखा नहर के बायी ओर से एवं आठ शाखाएं नहर के दायीं ओर से निकाली गई है।

(i) रावतसर शाखा – हनुमान गढ़ – बायीं शाखा

(ii) सूरतगढ़ – गंगानगर

(iii) अनूपगढ़ – गंगानगर

(iv) पूगल

(v) दंतौर

(vi) बीरसलपुर

(iv)–(vi) – Bikaner

(vii) चारणवाला – Bikaner + Jaiselmer

(viii) बीरबल

(ix) सागर मल

(viii)–(ix) – Jaiselmer

(ii)–(ix) दायीं शाखा

→ इस नहर से सात लिफ्ट परियोजनाएं निकाली गयी है। जिनमें से प्रथम चरण में एक लिफ्ट नहर एवं दूसरे चरण में 6 लिफ्ट नहरों का निर्माण किया गया है।

→ लिफ्ट नहरों का निर्माण कार्य <u>1968</u> में प्रारम्भ किया गया और सबसे पहले <u>लूणकरणसर</u> लिफ्ट नहर परियोजना का निर्माण किया गया जिसका निर्माण <u>1976</u> में पूर्ण हुआ।

| नया नाम | पुराना नाम | जिले |
|---|---|---|
| (i) चौधरी कुंभा राम | गंधेली साहबा | हनुमानगढ़, बीकानेर, चुरू, झुंझुनु |
| (ii) कवरसेन (1st) | लूणकरणसर | गंगानगर, बीकानेर |
| (iii) पन्ना लाल बारूपाल | गजनेर | बीकानेर, नागौर |
| (iv) वीर तेजाजी | बांगड़सर (ग्राम पंचायत) | बीकानेर |
| (v) डॉ. करणी सिंह | कोलायत (तह.) | बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर |
| (vi) गुरु जम्भेश्वर | फलौदी | जोधपुर |
| (vii) जय नारायण व्यास | पोकरण | जोधपुर, जैसलमेर |

NOTE राजस्थान के उत्तरी व पश्चिमी जिलों (9 जिले) को इस नहर परियोजना से लाभ प्राप्त होगा।

गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू, झुंझुनु, बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर बाड़मेर, नागौर

→ इस नहर परियोजना से अनुमानतः 37 लाख टन उत्पादन होगा। जिससे लगभग 1750 करोड़ रुपये की आय होगी एवं इस परियोजना से 19.63 लाख हैक्टेयर क्षेत्र पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

इस परियोजना से राजस्थान के 29 कस्बे एवं 3461 गांव लाभान्वित होंगे।

नहर के द्वारा वर्तमान समय में 16.17 लाख हैक्टेयर क्षेत्र पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

इन्दिरा गांधी नहर की प्रमुख पेयजल परियोजनाएं

1. कंवरसेन पेयजल परियोजना :- यह राजस्थान की सबसे लम्बी लिफ्ट नहर परियोजना है जिसकी कुल लम्बाई 151.64km है। इस परियोजना से गंगानगर एवं बीकानेर के 228 गांव को पेयजल की पूर्ति करवायी जाती है। एवं बीकानेर के लूणकरणसर तहसील को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होती है।

2. राजीव गांधी लिफ्ट कनाल :- इस लिफ्ट कनाल से जोधपुर जिले के 158 गांव को पेयजल की पूर्ति करवायी जाती है एवं इस कनाल के द्वारा जोधपुर की प्रमुख झील कायलाना झील को पानी की पूर्ति करवायी जाती है जो कि राजस्थान की एकमात्र ऐसी झील है जिसमे इंदिरा गांधी नहर का पानी पहुंचता है।

3. आपणी योजना :- इस योजना से राजस्थान के हनुमानगढ़ व चुरु जिले के 370 गांव को पेयजल की पूर्ति करवायी जाती है। इसका निर्माण जापान की कम्पनी KFN

कम्पनी KFW की सहायता से किया गया है।

## इंदिरा गांधी नहर परियोजना के लाभ :-

(i) राजस्थान के पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश में इस परियोजना से कृषि के उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि हुई है जिससे यहां प्रतिवर्ष 1450 करोड़ रुपये की आय होती है।

(ii) इस नहर परियोजना से मरुस्थलीय प्रदेश में वृक्षारोपण को बढ़ावा मिला है जिससे इस प्रदेश में अधिक हरियाली के कारण वर्षा की मात्रा में वृद्धि हुई है एवं भूमि का जल स्तर ऊंचा उठा है।

(iii) इस नहर परियोजना से सीमा सुरक्षा बल एवं भारतीय सेना को पेयजल की आपूर्ति करवायी जाती है इसी कारण कहा जा सकता है कि अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा में इस नहर का योगदान है।

(iv) इस नहर परियोजना से चारागाह एवं घास के मैदानों में वृद्धि हुई है जिससे राजस्थान में पशुपालन में वृद्धि हुई है।

(v) कृषि के अधिक उत्पादन से प्रति गांव एवं मंडियों में रोजगार के साधन उपलब्ध हुए हैं जिससे लोगो की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

(vi) इस नहर परियोजना से राजस्थान में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिला है।

(vii) सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति हुई है।

(viii) पर्यटन का अत्यधिक विकास हुआ है।

(ix) इस परियोजना से राजस्थान में मछलीपालन, विद्युत आदि का विकास हुआ है।

इन्दिरा गांधी नहर की प्रमुख वि. समस्याएं :-

1. <u>सेम की समस्या</u> :- किसानों के द्वारा अत्यधिक सिंचाई एवं जल के अत्यधिक रिसाव के कारण नहर के आस-पास का क्षेत्र दलदली होता जा रहा है। जिसे सेम की समस्या कहा जाता है। इससे अत्यधिक मात्रा में भूमि बंजर होती जा रही है।

सेम समस्या के कारण

(i) समुचित जल व्यवस्था ना होने के कारण किसानों के द्वारा अत्यधिक सिंचाई का प्रयोग किया जाता है।

(ii) भूमि की लवणता के कारण जल का रिसाव जमीन के अंदर तक पूर्णतया नहीं हो पाता।

(iii) कम गहराई पर कठोर चट्टानों का पाया जाना।

(iv) नहर के आस-पास के क्षेत्र में पानी को निकालने के लिए

प्राकृतिक निकास की कमी ।

2 किसानों के द्वारा अत्यधिक सिंचाई के कारण इस क्षेत्र की भूमि लवणीय एवं क्षारीय होती जा रही है। इस समस्या के समाधान के लिए जिप्सम, हरी खाद, एवं चूने का उपयोग किया जाना चाहिए।


3. नहर के आसपास के क्षेत्र में पानी का प्राकृतिक निकास ना होने के कारण इन दलदली क्षेत्रों में अत्यधिक मच्छरों की उत्पत्ति हुई है जिससे इस क्षेत्र में मलेरिया जैसी बीमारियां काफी फैल रही है।

4. Dr. J.P. जाट एवं R.K गुर्जर ने शोध करके बताया है कि इस क्षेत्र में न्यून (निम्न) वायुदाब का केन्द्र मानसून के अनुकूल था - लेकिन अत्यधिक हरियाली के कारण यह उच्च वायुदाब में परिवर्तित हो रहा है जिससे मानसून पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

Imp:- 5. तीव्र जलवायु परिवर्तन एवं किसानों के द्वारा सेवण घास के मैदानों को खेती में परिवर्तित कर दिया है जिससे यहां वन्य जीव लुप्त होने के कगार पर है।

NOTE 31 Oct. 1984 को इंदिरा गांधी की मृत्यु के बाद 2 Nov. 1984 को राजस्थान नहर का नाम बदलकर इंदिरा गांधी नहर परियोजना कर दिया गया।

2. गंगा नहर :-




पंजाब - 112 km.
राज. - 17 km.

→ यह राजस्थान मे प्रथम वृहद सिंचाई परियोजना है जिसका निर्माण बीकानेर के राजा गंगा सिंह के द्वारा 1927 में करवाया गया।

→ 4 sept. 1920 को बीकानेर, बहावलपुर एवं पंजाब रियासतों के मध्य एक समझौता हुआ। जिसमे राजस्थान के लिए 0.33 MAF जल प्राप्त हुआ। जिसका उपयोग करने के लिए गंगा सिंह के द्वारा 5 sept. 1921 को फिरोजपुर हैड वर्क्स पर इस नहर की आधारशिला रखी गई।

→ इस नहर को पंजाब के फिरोजपुर जिले मे हुसैनीवाला नामक स्थान पर सतलज नदी से निकाला गया है। इस नहर का राजस्थान मे प्रवेश खखा नामक स्थान पर गंगानगर जिले मे होता है।

→ खखा से यह नहर रायसीन नगर, पदमपुर, जोरावर होते हुए अनुपगढ़ तक गई है।

→ इस नहर की कुल लम्बाई 129 km. है जिसमे से 112 km. पंजाब में एवं 17 km. राजस्थान में है।

→ इस नहर की वितरिकाओ की कुल लम्बाई 1280 km. है।

* राजस्थान में इसकी चार शाखाएं है ⇒

(i) लक्ष्मी नारायण जी

(ii) करणी जी

(iii) लालगढ़

(iv) समीजा

→ गंगनहर की जर्जर हालत को सुधारने के लिए 1984 में 80 km. लम्बी गंगनहर लिंक चैनल का निर्माण किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य गंगानगर जिले को पानी की पूर्ति करवाना था।

गंग नहर लिंक चैनल :- इसे हरियाणा के लोहगढ़ (↓ सतलज नदी से) नामक स्थान पर निकाला गया है एवं गंगनहर से इसे साधुवाली नामक स्थान पर गंगानगर में जोड़ा गया है।

NOTE गंगनहर परियोजना से राजस्थान के 3.8 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवायी जाती है।

Imp
→ 31 Oct. 1927 को गंग नहर का उद्घाटन लॉर्ड इरविन के द्वारा किया गया।

3. **नर्मदा नहर परियोजना** :- राजस्थान का इस नहर परियोजना में 0.5 MAF हिस्सा है। इस नहर को गुजरात के सरदार सरोवर बांध से निकाला गया है जिसकी कुल लम्बाई 532 km. है। जिसमें से राजस्थान में इसकी लम्बाई 74 km. है।

→ इस नहर का पानी राजस्थान में सबसे पहले सीलू गांव जालोर में 18 March 2008 को पहुंच गया। लेकिन 27 March 2008 A.D. को जालोर के भानपुर गांव में एक समारोह के दौरान इस नहर के पानी को राजस्थान में प्रवेश करवाया गया। एवं अप्रेल 2008 तक इसका पानी गांधव कला बाड़मेर तक पहुंच गया।

→ इस नहर परियोजना से जालोर एवं बाड़मेर के 233 गांव को 2.46 लाख हैक्टेयर क्षेत्र पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जाती है। एवं जालोर एवं बाड़मेर के 1336 गांव को पेयजल की पूर्ति करवायी जाती है।

4. **राजीव गांधी सिद्धमुख व नोहर परियोजना** :-

1982 के समझौते के अनुसार रावी-व्यास नदियों के जल का उपयोग करने के लिए इस नहर का निर्माण यूरोपीयन आर्थिक समुदाय की सहायता से किया गया। इस नहर का उद्घाटन 5 Oct. 1989 को हनुमानगढ़ के

भिनारी नामक स्थान पर राजीव गांधी के द्वारा उद्घाटन किया गया। इस नहर परियोजना से राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले की नोहर व भादरा तहसील एवं चुरू जिले की राजगढ़ तहसील के ~~1 लाख~~ 1,11,458 ~~लाख~~ हैक्टेयर क्षेत्र पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध होती है।

5. **सिद्धमुख रतनपुरवा नहर परियोजना** :- इस परियोजना का निर्माण भी सिद्धमुख व नोहर परियोजना के साथ प्रस्तावित था लेकिन भारत में परमाणु परीक्षण की गतिविधियों को देखकर यूरोपीयन आर्थिक समुदाय ने सहायता देना बंद कर दिया इसी कारण इस परियोजना का निर्माण नाबार्ड की सहायता से 1999 में प्रारम्भ किया गया।

→ इस परियोजना से हनुमानगढ़ व चुरू जिले के 18350 हैक्टेयर क्षेत्र पर सिंचाई एवं हनुमानगढ़ जिले के 25 गांव व चुरू जिले के ~~2~~ 15 गांव लाभान्वित होंगे।

6. **गुड़गाव नहर / यमुना लिंक नहर परियोजना** :-

→ इस नहर परियोजना को यमुना नदी से आगरा के समीप ओखला गाँव से निकाला गया है।

इस नहर का राजस्थान मे प्रवेश जुरेरा गाँव कामा तहसील मे होता है।

→ इस नहर परियोजना से राजस्थान के भरतपुर जिले के कामां व डीग तहसीलों को 28200 हैक्टेयर क्षेत्र पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवायी जाती है।

7. **बीसलपुर बांध परियोजना** :- बीसलपुर बांध परियोजना का निर्माण 1988-89 में किया गया। यह बांध टोंक के बीसलपुर नामक स्थान पर बनास नदी पर स्थित है। जिससे अजमेर के ~~सर्वाड~~ सरवाड, किशनगढ़, केकड़ी एवं जयपुर जिले को पेयजल की पूर्ति करवायी जाती है।

→ जयपुर को पेयजल पूर्ति के लिए सूरजपुरा गांव (टोंक) से लेकर बालावाला (सांगानेर, जयपुर) तक एक पाईपलाइन का निर्माण किया गया है।

→ इस परियोजना से टोंक जिले के 256 गांव ~~को~~ के 81800 हैक्टेयर क्षेत्र पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवायी जाती है।

इस बांध से दो नहरे निकाली गई है।

(i) दायी नहर - 51.65 km. (ii) बायी नहर - 18.64 km.

8. **मेजा बांध परियोजना** :- इस बांध का निर्माण भीलवाड़ा में मांडल कस्बे के समीप कोठारी नदी पर किया गया है।

→ इस बांध की पाल पर ग्रीन माउंट पार्क स्थित है।

→ इस बांध से भीलवाड़ा जिले को 10.5 हजार हैक्टेयर क्षेत्र पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाती है एवं भीलवाड़ा जिले को इसी बांध से पेयजल की पूर्ति होती है।

| | नदी घाटी परियोजना | स्थान | नदी |
|---|---|---|---|
| 1. | पार्वती बांध परियोजना<br>नदी - पार्वती | धौलपुर | पार्वती |
| 2. | इंदिरा गांधी लिफ्ट नहर परियोजना | सवाईमाधोपुर | चम्बल |
| 3. | पिपलदा बांध परियोजना | सवाईमाधोपुर | चम्बल |
| 4. | ईसरदा बांध परियोजना | सवाईमाधोपुर | बनास |
| 5. | मोरेल बांध परियोजना | सवाईमाधोपुर | मोरेल |
| 6. | टोरडी सागर बांध परियोजना | टोंक | सहोदरा |
| 7. | अणवान बांध परियोजना | चित्तौड़गढ़ | नालीओं से |
| 8. | ओराई बांध परियोजना | चित्तौड़गढ़ | ओराई |
| 9. | पांचना बांध परियोजना | करौली | गंभीर |
| 10. | चूली देवी बांध परियोजना | करौली | नाली |
| 11. | छापी सिंचाई परियोजना | झालावाड़ | छापी |
| 12. | बांकली बांध परियोजना | जालौर पाली | सुकड़ी ~~बांकली~~ |

13. विलास बांध परियोजना बांरा

14. नारायण सागर बांध परि. अजमेर

# जलवायु (Climate)

**जलवायु**:-

राजस्थान किसी स्थान पर दीर्घकाल की औसत वायुमंडलीय दशाओं को (तापमान, वायुदाब, आर्द्रता, वर्षा, वायुवेग) जलवायु कहा जाता है। (30-35 yrs. का समय)

**मौसम**:- किसी स्थान पर अल्प समय की औसत वायुमंडलीय दशाओं को मौसम कहा जाता है।

जैसे - some hours, some days

**निष्कर्ष**:- वर्तमान समय मे जलवायु परिवर्तन के कारण स्थानीय एवं वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन हो रहे हैं जैसे- बाड़मेर में बाढ़, वर्षा की तीव्रता व आवृत्ति में परिवर्तन एवं अचानक जलवायु परिवर्तन हो रहे हैं। अतः इन्हें रोकने के लिए क्रमबद्ध विकास, पर्यावरण मित्र विकास एवं पर्यावरण प्रबंधन की आवश्यकता है।

* राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक

राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है जिसके अलग-2 स्थानों पर अलग-2 प्रकार की भौतिक विशेषताएं हैं जैसे पर्वत, पठार, मरुस्थल, मैदान जिन्हे राजस्थान मे निम्न कारक प्रभावित करते है।

1. अक्षांश एवं देशांतर स्थिति :- राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार 23°3' N अक्षांश से 30°12' N अक्षांश तक विस्तृत है। इसी कारण राजस्थान के बांसवाड़ा जिले से निचे का भाग कर्क रेखा के निचे उष्ण कटिबंध मे एवं राजस्थान के ऊपर का भाग उपोष्ण कटिबंध में आता है।

→ ग्रीष्म काल के समय सूर्य की किरणे बांसवाड़ा जिले मे लगभग सीधी एवं गंगानगर जिले मे सर्वाधिक तिरछी होती है। राजस्थान मे ऊष्ण एवं उपोष्ण जलवायु पायी जाती है।

2. समुद्र तल से दूरी :-

→ राजस्थान की समुद्र तल से दूरी अधिक होने के कारण यहां शुष्क जलवायु पायी जाती है।

→ राजस्थान की अरब सागर से दूरी 400 km. एवं कच्छ की खाड़ी से 225 km. एवं खंभात की खाड़ी से 275 km. है।

→ राजस्थान एवं पश्चिम बंगाल दोनों समान अक्षांशीय स्थिति पर स्थित होते हुए भी समुद्र के तट के कारण पश्चिम बंगाल में उष्ण आर्द्र जलवायु एवं राजस्थान मे शुष्क जलवायु पायी जाती है।

3. <u>अरावली पर्वतमाला</u>* <u>की स्थिति</u> :- राजस्थान में अरावली पर्वतमाला <u>मध्यवर्ती भाग</u> में स्थित है जिसके पश्चिम में मरुस्थल एवं पूर्व ~~स्व~~ व दक्षिण-पूर्व में पठार व मैदान स्थित है।

→ अरावली पर्वतमाला ~~र~~ मानसून के समानांतर होने के कारण इसके पश्चिमी भाग में कम वर्षा होती है जिससे यहां की जलवायु शुष्क पायी जाती है।

4. <u>समुद्र तल से ऊंचाई</u> :- राजस्थान में अरावली पर्वतमाला की समुद्र तल से औसत ऊंचाई <u>930 Meter</u> है जबकि अन्य क्षेत्र की औसत ऊंचाई <u>350 Meter</u> है।

→ <u>अत्यधिक ऊंचाई</u> वाले क्षेत्रों में <u>वर्षा</u>, <u>वनस्पति एवं आर्द्रता</u> अधिक पायी जाती है जबकि निचले स्थानों पर इनकी कमी पायी जाती है। जिससे अलग-2 स्थानों पर अलग-2 प्रकार की जलवायु होती है।

5 <u>वनस्पति</u> :- राजस्थान में पूर्वी एवं दक्षिणी-पूर्वी भाग में अधिक वनस्पति जबकि मरुस्थलीय प्रदेश में बहुत कम वनस्पति पायी जाती है। इसी कारण इन क्षेत्रों में जलवायु में अंतर पाया जाता है।


6. <u>धरातल की बनावट</u> :- राजस्थान में <u>मरुस्थल</u>, <u>पर्वत</u> <u>पठार</u> और <u>मैदान</u> सभी प्रकार की धरातलीय संरचना पायी जाती है। और इसी धरातलीय संरचना से राजस्थान की

जलवायु प्रभावित होती है।

7. मृदा की संरचना :- अरावली के पश्चिम में रेतीली मिट्टी जिसमें मोटे-2 कण पाये जाते हैं इसी कारण यहां दिन के समय अधिक तापमान एवं रात्रि के समय कम तापमान पाया जाता है एवं मिट्टी में आर्द्रता कम एवं मौसम में शुष्कता अधिक होती है। जबकि अरावली के पूर्व में चिकनी मिट्टी जिसमें बारीक कण होते हैं जो धीरे-2 गर्म एवं धीरे-2 ठंडे होते हैं इसी कारण यहां मौसम में आर्द्रता बनी रहती है। एवं वनस्पति आवरण अधिक पाया जाता है।

8. मानसून :- यह भी राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करता है।

राजस्थान में जलवायु के आधार पर ऋतुओं के प्रकार



1. ग्रीष्म ऋतु :- यह ऋतु मध्य मार्च से जून तक होती है इस ऋतु में अधिक तापमान के कारण राजस्थान के पश्चिमी प्रदेश मे तेज एवं गर्म लू- पवनें चलती है।


→ ये लू- पवने वायु के भंवर के साथ मिलकर आंधी मे परिवर्तित हो जाती है।


→ इसी कारण राजस्थान के गंगानगर जिले मे सबसे अधिक आंधियां (27 days) व सबसे कम आंधियां झालावाड़ जिले में आती है (केवल 3 days)

→ राजस्थान में ग्रीष्म ऋतु का औसत तापमान 38°C होता है। एवं सबसे गर्म जिला व महिना चुरु व जून होते है।

→ इसी ऋतु मे राजस्थान का सबसे शुष्क स्थान फलौदी- जोधपुर होता है।

2. वर्षा ऋतु :- वर्षा ऋतु मध्य जून से सितम्बर तक होती है। इस ऋतु में अधिक ताप के कारण भारत के उत्तरी भाग मे निम्न वायु दाब पाया जाता है। जबकि हिन्द महासागर मे उच्च वायु दाब का केन्द्र बनता है। जिससे हवाएं हिन्द महासागर की ओर से भारत के उत्तरी भाग की ओर चलने लगती है जिन्हे भारत मे दक्षिणी- पश्चिमी- मानसून के नाम से जाना जाता है।




## वर्षा ऋतु की विशेषताएँ :-

(i) राजस्थान में औसत वार्षिक वर्षा - 57.6 cm

राज्य में सबसे अधिक वर्षा वाला जिला - झालावाड (40 days) 80-120 cm.

राज्य में सबसे कम वर्षा वाला जिला - जैसलमेर (5 days) → 10 cm.

→ सबसे अधिक वर्षा वाला स्थान - माउंट आबू (सिरोही)
(48 days)

→ सबसे कम वर्षा वाला स्थान - समगांव (जैसलमेर)
(0 day)

→ राजस्थान में सबसे अधिक वर्षा - जुलाई के महिने मे (34%)
एवं अगस्त माह मे 33% होती है।

→ वर्षा वाला दिन उसे कहा जाता है जिस दिन 0.25 cm. वर्षा होती है।


→ राजस्थान में 50 cm. वर्षा रेखा राजस्थान को दो भागो में एवं 25 cm. वर्षा रेखा मरुस्थल को दो भागो में बांटती है।

→ राजस्थान मे दोनों मानसूनों से वर्षा प्राप्त करने वाला स्थान राजस्थान का दक्षिणी भाग है।


→ राजस्थान मे अधिकांशत वर्षा लगभग 90% दक्षिणी-पश्चिमी मानसून से होती है

शीत ऋतु :- मध्य दिसम्बर से लेकर फरवरी तक शीत ऋतु होती है लेकिन Oct. से लेकर मध्य December तक मानसून के लौटने का समय होता है।

(I)




(II)




उत्तरी- पूर्वी मानसून :- इस मानसून से भारत के केवल, तमिलनाडु राज्य में / कावेरी नदी के डेल्टा पर / कोरोमंडल तट पर वर्षा होती है।

मावठ :- शीत ऋतु में भूमध्य सागर से आने वाले पश्चिमी विक्षोभों ( भूमध्य सागरीय चक्रवात) से भारत के उत्तर-पश्चिमी भाग में जो वर्षा होती है उसे मावठ के

नाम से जाना जाता है।

यह वर्षा सर्वाधिक जनवरी के महिने में होती है जिससे सबसे अधिक लाभ गेहूं की फसल को होता है। इसी कारण इसे रबी का अमृत कहा जाता है।

Imp → भारत का सबसे छोटा दिन शीत ऋतु में 22 Dec. होता है एवं सबसे ठंडा महीना जनवरी का होता है।

## राजस्थान में वर्षा की कमी के कारण :→

(i) जो मानसून राजस्थान में प्रवेश करता है (अरब सागर) तो वह मरुस्थल के अत्यधिक तापमान एवं कम आर्द्रता के कारण मानसून की आर्द्रता में 50 - 90% तक कमी हो जाती है। इसके कारण मरुस्थलीय प्रदेश में कम इस शाखा से कम वर्षा होती है।

(ii) दक्षिणी- ~~पश्चिमी~~ पूर्वी मानसून (बंगाल की खाड़ी) की दूसरी शाखा राजस्थान में प्रवेश करने से पहले अपना पानी गंगा के मैदान में छोड़ आती है।

(iii) राजस्थान में प्राकृतिक अवरोध का अभाव है।

(iv) अरावली पर्वतमाला अरब सागर के मानसून के समानांतर एवं नीचे होने के कारण इसके लिए प्राकृतिक अवरोध का काम नहीं कर पाती।

(v) अन्य स्थानीय कारण

a) वनों का निकास

b) कंकरीट के जंगलों का विस्तार (बढ़ता हुआ शहरीकरण)

c) जैव-विविधता का ह्रास

d) जलवायु परिवर्तन

(e) मरुस्थल का विस्तार

## राजस्थान मे जलवायु की विशेषताएं :-

(i) राजस्थान मे वर्षा का असमान वितरण पाया जाता है इसी कारण जिन स्थानों पर वर्षा कम होती है वहां मनुष्य का निवास कम एवं जिन स्थानों पर वर्षा अधिक होती है वहां मनुष्य का विकास अधिक पाया जाता है।

जैसे- पूर्वी मैदानी प्रदेश

(ii) अतिवृष्टि व अनावृष्टि

अतिवृष्टि :- जिस स्थान पर अत्यधिक वर्षा के कारण बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाये उसे अतिवृष्टि कहा जाता है। इस स्थिति मे एक दिन मे लगभग 20-30 cm. के मध्य वर्षा होती है।


अनावृष्टि :- अकाल व सूखे की स्थिति । यह

Imp-खण्ड वृष्टि :- किसी स्थान पर लम्बे समय से वर्षा नही हो रही हो लेकिन उस स्थान पर एक साथ अधिक वर्षा हो जाये उस स्थिति को खण्ड वृष्टि कहा जाता है।

(iii) कम आर्द्रता एवं अत्यधिक वायु वेग

(iv) यहां कम आर्द्रता, अधिक तापमान के कारण ग्रीष्म ऋतु में लू जैसी पवनें चलती है।

## राजस्थान के जलवायु प्रदेश :-




जलवायु प्रदेश :- वह विशिष्ट क्षेत्र जिसके अंदर जलवायु तत्व एवं वायुमंडलीय दशाओं के मध्य औसत आंतरिक समरूपता व समानता पायी जाती हो उसे जलवायु प्रदेश कहा जाता है। (तापमान, आर्द्रता, वायुवेग, वर्षा, वायुदाब)

राजस्थान को 5 जलवायु प्रदेशों में बांटा गया है।

(i) शुष्क जलवायु प्रदेश :- यह जलवायु प्रदेश जैसलमेर, बिकानेर, दक्षिणी गंगानगर, पश्चिमी जोधपुर एवं उत्तरी बाड़मेर में फैला हुआ है।

→ इस प्रदेश में औसत तापमान 40°C एवं वर्षा 0-20 cm. होती है

→ इस प्रदेश मे मुख्य रुप से मरूद्भिद वनस्पति पायी जाती है।

जैसे- आक, बेर, केर, केकड़ी, खेजड़ी, फोग

→ मुख्य रुप से इस प्रदेश मे कांटेदार झाड़ियां पायी जाती है।

→ कोपेन के द्वारा इस जलवायु प्रदेश को Bwhw

B- उपोष्ण

w - गर्म (warm)

h - उच्च अक्षांश (high latitude)

w - गर्म

(ii) अर्द्धशुष्क जलवायु प्रदेश :- इस प्रदेश में मुख्य रुप से गंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, चुरु, झुंझुनु, नागौर, पाली, जालौर, पूर्वी जोधपुर एवं दक्षिणी- पूर्वी बाड़मेर आता है।

→ इस प्रदेश मे औसत तापमान 36-38°C एवं वर्षा 20-40 cm तक होती है।

→ इस प्रदेश में आर्द्रता कम, ~~वायुदाब~~ एवं तापमान अधिक होता है।

→ इस प्रदेश में मुख्य रूप से उष्ण कटिबंधीय कांटेदार वन पाये जाते है।

→ इसे कोपेन के द्वारा BShw के नाम से प्रदर्शित किया गया है।

3. उपआर्द्र जलवायु प्रदेश :- इसके अंतर्गत अलवर, जयपुर, दौसा, अजमेर, पूर्वी शेखावाटी, राजसमंद, सिरोही, भीलवाड़ा टोंक आदि आते है।

→ इस प्रदेश का औसत तापमान 32-36°C एवं वर्षा 40-60 cm. होती है।

→ इस प्रदेश में पर्वतीय वन पाये जाते है।

→ इसे कोपेन के द्वारा Cwg के रूप में प्रदर्शित किया गया है। (शीतोष्ण गर्म मैदान)

4. आर्द्र जलवायु प्रदेश :- इसके अंतर्गत भरतपुर, धौलपुर करौली, सवाई माधोपुर, चित्तौड़गढ़, उत्तरी-पूर्वी कोटा, उत्तरी-पूर्वी उदयपुर आदि आते है।

→ इस प्रदेश का औसत तापमान 30-34°C तथा वर्षा 60-80 cm. तक होती है।

→ इस प्रदेश में मुख्य रूप से पतझड़ वन पाये जाते है।

→ इसे कोपेन के द्वारा Cwg का नाम दिया गया है।

5. अति आर्द्र जलवायु प्रदेश :- इसके अंतर्गत झालावाड़, बांरा, दक्षिणी-कोटा, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, दक्षिणी उदयपुर एवं सिरोही का माऊंट आबू क्षेत्र आता है।

→ इस प्रदेश मे औसत तापमान 25-30°C तथा वर्षा 80-120 cm. तक होती है।

→ इस प्रदेश में शुष्क सागवान वन एवं मानसूनी सदाबहार वन पाये जाते है।

जैसे :- आम, महुआ, बांस, सागवान, साल आदि

→ कोपेन के द्वारा इसे Aw नाम दिया गया है।

## राजस्थान के कृषि जलवायु प्रदेश :-

→ राजस्थान एक विशाल भू-भाग पर स्थित है जिसमें कृषि वर्षा पर आधारित है। भारत को कुल 15 कृषि जलवायु प्रदेशों में एवं राजस्थान को 10 कृषि जलवायु प्रदेशों में बांटा गया है।


1, 2 → शुष्क मैदानी पश्चिमी प्रदेश - 2

3. सिंचित मैदानी उत्तरी पश्चिमी प्रदेश

4. अंत: स्थलीय जलोत्सरण के अंतवर्ती मैदानी प्रदेश

5. लूनी का अंतवर्ती मैदानी प्रदेश

6. अर्द्धशुष्क पूर्वी मैदानी प्रदेश




7. बाढ़ सम्भाव्य मैदानी प्रदेश

8. आर्द्र दक्षिणी मैदानी प्रदेश

9. आर्द्र दक्षिणी - पूर्वी मैदानी प्रदेश

10. अर्द्ध आर्द्र दक्षिणी मैदानी एवं अरावली पहाड़ी प्रदेश

1. शुष्क मैदानी पश्चिमी प्रदेश :- यह कृषि खण्ड जोधपुर, बाड़मेर में स्थित है। जिसमें वर्षा 200 mm से 370 mm तक होती है।

→ इस प्रदेश में मुख्य रूप से बाजरा, ग्वार एवं तारामीरा फसलें उत्पादित की जाती हैं।

→ इस क्षेत्र का कृषि प्रशिक्षण केन्द्र रामपुरा, जोधपुर में स्थित है जिसके द्वारा इस खण्ड के लिए बेर, आवला, बैंगन खजूर आदि उद्यानिक फसलों की सम्भावना व्यक्त की गई है।

3. सिंचित मैदानी उत्तर-पश्चिमी प्रदेश :-

इस कृषि जलवायु प्रदेश के अंतर्गत गंगानगर और हनुमानगढ़ जिले आते है यहां पर वर्षा 100 – 350 mm तक होती है।

→ यह राजस्थान का सबसे अधिक नहरी सिंचित क्षेत्र होने के कारण अत्यधिक उत्पादकता वाला क्षेत्र है इसी कारण यहां पर गेहूं, चना, सरसों, कपास, किंनू आदि फसले उत्पादित की जाती है।

→ इस कृषि जलवायु प्रदेश के कृषि प्रशिक्षण केन्द्र करनपुर (गंगानगर) एवं हनुमानगढ़ मे स्थापित किये गये है।

इस जोन मे बेर, किंनू, अनार, माल्टा, मिर्ची, गुलाब आदि फसलों की सम्भावना व्यक्त की गई है।

शुष्क मैदानी पश्चिमी प्रदेश :-

यह कृषि जलवायु प्रदेश जैसलमेर व बीकानेर मे स्थित है इस कृषि जलवायु प्रदेश मे वर्षा 100 – 350 mm तक होति है। एवं बाजरा, ज्वार, ग्वार आदि मोटे अनाजों का उत्पादन होता है।

→ इसका कृषि प्रशिक्षण केन्द्र लूणकरनसर (बीकानेर) मे स्थापित किया गया है एवं इस जोन में बेर, आंवला, खजूर, बैंगन आदि का भी अत्याधिक उत्पादन हो सकता है।

अंतस्थली जलोत्सरण का अंतर्वर्ती मैदानी प्रदेश :-

→ यह जलवायु प्रदेश सीकर, चुरू, झुंझुनु व नागौर जिले में स्थित है।

→ यहाँ पर वर्षा 300-500 mm तक होती है एवं मुख्य रूप से बाजरा, तिल, मोठ फसलों का उत्पादन होता है।

→ इसका कृषि प्रशिक्षण केन्द्र आबूसर झुंझुनू में स्थापित किया गया है एवं इस जोन में बेर, अनार, मैथी नींबू व अमरूद की फसलों का भी अत्यधिक उत्पादन हो सकता है।

लूनी का अंतर्वर्ती मैदानी प्रदेश :-

→ इस कृषि जलवायु प्रदेश में पाली, जालौर, सिरोही एवं जोधपुर जिले आते है

→ इसमें वर्षा 300-500 mm तक होती है एवं मुख्य रूप से बाजरा, मक्का, तिल, ईसबगोल, जीरा आदि फसलों का उत्पादन होता है।

→ इसका कृषि प्रशिक्षण केन्द्र सुमेरपुर पाली मे स्थापित किया गया है एवं इस जोन मे मे नींबू, मेंहदी, ईसबगोल, टमाटर, बैंगन आदि फसलों का भी अत्यधिक उत्पादन हो सकता है।

6. अर्द्ध शुष्क पूर्वी मैदानी प्रदेश :-

→ इस कृषि जलवायु प्रदेश मे जयपुर, दौसा, अजमेर, टोंक आदि जिले आते है।

→ इस प्रदेश मे वर्षा 500-700 mm तक होती है एवं मुख्य रूप से बाजरा, मूँगफली, मूंग, सरसो, गेहूं, चना, मटर आदि का उत्पादन होता है।

→ इस प्रदेश का कृषि प्रशिक्षण केन्द्र तबीजी अजमेर मे स्थापित किया गया है।

→ इस जोन मे अनार, गुलाब, गोभी, बैंगन, टमाटर आदि फसलों का भी अत्याधिक उत्पादन किया जा सकता है

7. बाढ़ सम्भाव्य मैदानी प्रदेश :-

→ इस कृषि जलवायु प्रदेश के अंतर्गत अलवर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाईमाधोपुर जिले आते है जहां पर वर्षा 500-700 mm तक होती है एवं यहां पर बाजरा, मूंगफली, सरसो, मिर्ची, जौ, गेहूं आदि का उत्पादन होता है।

→ इसका कृषि प्रशिक्षण केन्द्र मलीकपुर भरतपुर में स्थापित किया गया है। एवं इस जोन में पपीता, टमाटर, लौकी आदि का भी अत्यधिक उत्पादन हो सकता है।

8. अर्द्ध आर्द्र दक्षिणी मैदान एवं अरावली पर्वतीय प्रदेश :-

→ इस कृषि जलवायु प्रदेश में उदयपुर, सिरोही, राजसमंद चित्तौड़ आदि जिले आते हैं।

→ इस प्रदेश में वर्षा 700-900 mm तक होती है

→ इस प्रदेश में मुख्य रूप से मक्का, अफीम, उड़द, अरहर उत्पादन होता है।

→ इसका कृषि प्रशिक्षण केन्द्र चित्तौड़गढ़ में स्थापित किया गया है एवं इस जोन में आम, सीताफल, आंवला, नींबू, अमरूद आदि का भी अत्यधिक उत्पादन किया जा सकता है।

9. आर्द्र दक्षिणी मैदानी प्रदेश :-

→ इस कृषि जलवायु प्रदेश में उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा प्रतापगढ़ जिले आते हैं।

→ यहां पर ~~वर्षा~~ वर्षा 600-1100 mm तक होती है एवं मुख्य रूप से मक्का, चावल, गेहूं, कपास, चना आदि का उत्पादन होता है।

→ इसका कृषि प्रशिक्षण केन्द्र उदयपुर में स्थापित किया गया है इस जोन में पपीता, केला, चीकू, टमाटर आदि का भी अत्यधिक उत्पादन होता है।

## आर्द्र दक्षिणी - पूर्वी मैदानी प्रदेश :-

→ इस कृषि जलवायु प्रदेश में कोटा, बूंदी, बांरा, झालावाड़ जिले आते है। जहां पर वर्षा 500 - 1000 mm होती है। एवं मुख्य रुप से चावल, गेहूं, कपास, धनिये का उत्पादन होता है।

→ इसका कृषि प्रशिक्षण केन्द्र, छत्रपुरा, बूंदी मे स्थापित किया गया है। एवं इस जोन मे आम, संतरा, गुलाब धनिया आदि का भी अत्यधिक उत्पादन हो सकता है।

## मृदा संसाधन

भूमिका :- मृदा मानव जीवन का मूल आधार है अतः सभी सभ्यताओं एवं संस्कृतियों का विकास मिट्टी से हुआ है।

→ मृदा संसाधन मानव जीवन को प्रभावित करता है जिन स्थानो पर मिट्टी अधिक उपजाऊ होती है वहां मनुष्य जीवन अधिक एवं जहां अनुपजाऊ होती है वहां मनुष्य का आवास कम पाया जाता है।

इसलिए कहा जा सकता है कि मृदा संसाधन एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है।

* **मृदा** :- भू- पृष्ठ पर असंगठित पदार्थों की वह ऊपरी परत जो कि मूल चट्टानों या वनस्पति के योग से निर्मित होती है मृदा कहलाती है।

**निष्कर्ष** :- वर्तमान समय में मृदा अपरदन, मरुस्थलीकरण मृदा प्रदूषण कंकरीट के जंगलों का विस्तार (बढ़ता हुआ शहरीकरण) अत्यधिक मानवीय हस्तक्षेप, अवैज्ञानिक कृषि, अवैज्ञानिक खनन कार्य इत्यादि के द्वारा हजारों वर्षों से निर्मित हमारी अमूल्य धरोहर का विनाश हो रहा है। अतः वैज्ञानिक कृषि कार्य, वैज्ञानिक पशु पालन, मानवीय हस्तक्षेप पर रोक, वैज्ञानिक खनन कार्य, आबाद शहरी-करण आदि को अपनाकर एवं धारणीय विकास व पर्यावरण मित्र विकास को अपनाते हुए हमारी इस अमूल्य धरोहर का संरक्षण व संवर्द्धन किया जा सकता है।

**राजस्थान में मृदा का वर्गीकरण दो प्रकार से किया गया है** ⇒

(i) **सामान्य वर्गीकरण** :-

इसमें मिट्टी को रंग के आधार पर वर्गीकृत किया गया है।

(i) रेतीली मिट्टी
(ii) भूरी रेतीली मिट्टी / भूरी - पीली मिट्टी
(iii) लाल मिट्टी

(iv) लाल काली मिश्रित मिट्टी

(v) लाल पीली मिट्टी

(vi) काली मिट्टी / मध्यम काली मिट्टी

(vii) जलोद मिट्टी / दोमट / कच्छारी मिट्टी

(viii) भूरी दोमट मिट्टी

(ix) पर्वतीय मिट्टी

(x) लवणीय मिट्टी

(2) 1991 में अमेरिका के वैज्ञानिकों द्वारा वैज्ञानिक आधार पर 11 भागों में बांटा था। जिसमें से राजस्थान में 5 प्रकार की मिट्टी पायी जाती है।

(i) वर्टीसोल (vertisoil)

(ii) एरिडोसोल (eridosoil)

(iii) अल्फीसोल (Alfisoil)


(iv) एन्टीसोल (Antisoil)

(v) इन्सेप्टीसोल (Anseptisoil)

सामान्य वर्गीकरण के आधार पर :-

(1) रेतीली मिट्टी / बलुई मिट्टी / मरुस्थली मिट्टी :-

→ यह मिट्टी जैसलमेर, बीकानेर, बाड़मेर, जोधपुर व नागौर व चुरू जिले में विस्तृत है।




→ इस मिट्टी के कण मोटे होने के कारण इसमें जल धारण करने की क्षमता सबसे कम पायी जाती है।

→ इस मिट्टी में नाइट्रोजन व कार्बनिक पदार्थों की कमी परन्तु कैल्शियम के तत्वों की प्रधानता पायी जाती है। इस

→ मिट्टी में मुख्य रुप से मोटे अनाजो का उत्पादन जैसे ग्वार, मोठ, बाजरा आदि का उत्पादन होता है।

(ii) भूरी रेतीली मिट्टी / भूरी पीली मिट्टी :- यह मिट्टी मुख्य रुप से सीकर, चुरु, झुंझुनु, नागौर, पाली, जालौर में विस्तृत है।

→ इस मिट्टी में नाइट्रोजन एंव कार्बनिक पदार्थों की कमी एंव फॉस्फोरस के तत्वों की प्रधानता पायी जाती है।

→ इस मिट्टी में मुख्य रुप से ज्वार, बाजरा, मक्का, ईसबगोल, जीरा, मेंहदी, सरसो, जौ, गेहूं आदि का उत्पादन होता है।

(iii) लाल लोमी मिट्टी :- यह मिट्टी मुख्य रुप से उदयपुर, डुंगरपुर, बांसवाडा, भीलवाडा, चित्तौड, राजसमंद, सिरोही आदि जिलो में पायी जाती है।

→ इस मिट्टी मे नाइट्रोजन, कैल्शियम, फॉस्फोरस की तत्वों की कमी एवं लौहा व पोटाश के तत्वों की प्रधानता पायी जाती है।

→ इस मिट्टी में लौह के तत्व अधिक होने के कारण इसका रंग गहरा लाल हो जाता है।

→ इस मिट्टी में मुख्य रूप से मक्का की खेती की जाती है

~~लाल~~

4. लाल – काली मिश्रित मिट्टी :– यह राजस्थान में मुख्य रूप से काली व ~~ल~~ लाल मिट्टी के मध्य उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ में स्थित है।

→ इस मिट्टी में नाइट्रोजन, कैल्शियम, फॉस्फोरस एवं फॉस्फेट के तत्वों की कमी पायी जाती है।

→ इस मिट्टी के कण छोटे-२ होते है इसीकारण यह मिट्टी कपास, गन्ना, चावल आदि के उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है।

5. लाल – पीली मिट्टी :– यह मिट्टी सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, अजमेर व टोंक जिलों में पायी जाती है

→ इस मिट्टी में नाइट्रोजन, कैल्शियम के तत्वों की कमी एवं लौह ऑक्साइड के तत्वों की प्रधानता पायी जाती है

(vi) काली मिट्टी :- यह मिट्टी मुख्य रूप से कोटा, बूंदी, बांरा, झालावाड़ में पायी जाती है।

→ इस मिट्टी में कपास का अधिक उत्पादन होने के कारण इसे कपासी मिट्टी भी कहा जाता है।

→ इस मिट्टी में नाइट्रोजन व कैल्शियम के तत्वों की कमी एवं जैविक पदार्थ व पोटाश के तत्वों की प्रधानता पायी जाती है।

→ इस मिट्टी में कपास, गन्ना, चावल, खट्टे रसदार फल आदि का अत्यधिक उत्पादन होता है।

(vii) जलोढ़ / दोमट / कच्छारी मिट्टी :-

→ यह मिट्टी मुख्य रूप से सवाई माधोपुर, टोंक, भीलवाड़ा जयपुर, दौसा / माही नदी बेसिन / चम्बल नदी बेसिन / बनास नदी बेसिन में विस्तृत है।

→ इस मिट्टी में कैल्शियम व फॉस्फेट के तत्वों की कमी एवं नाइट्रोजन व पोटाश की अधिकता पायी जाती है।

→ इसी कारण राजस्थान में सबसे अधिक उपजाऊ मिट्टी जलोढ़ मिट्टी को माना जाता है।

→ इस मिट्टी में मुख्य रूप से सरसों, गेहूं, चावल, कपास गन्ना आदि का उत्पादन होता है।

(viii) भूरी दोमट मिट्टी :-

→ राजस्थान में यह मिट्टी मुख्य रूप से बनास नदी बेसिन में पायी जाती है।


(ix) पर्वतीय मिट्टी :- यह मिट्टी मुख्य रूप से राजस्थान के अरावली पर्वतीय प्रदेशों में पायी जाती है।

(x) लवणीय मिट्टी :- राजस्थान में यह मिट्टी मुख्य रूप से गंगानगर, बीकानेर, बाड़मेर, जालौर में पायी जाती है। इस मिट्टी में लवणीय व क्षारीय तत्व अधिक होने के कारण यह अनुपजाऊ मिट्टी है।

→ इस मिट्टी में जिप्सम, हरी खाद, रॉक फॉस्फेट आदि के उपयोग से इसे उपजाऊ बनाया जा सकता है।

* भूरी जलोढ़ मिट्टी :- गंगानगर, हनुमानगढ़ में पायी जाती है।

* वैज्ञानिक आधार पर वर्गीकरण :→



**Ques** मृदा अपरदन किसे कहते है मृदा अपरदन के कारण, प्रकार एवं कुप्रभाव को बताते हुए मृदा अपरदन को रोकने के उपायो का विस्तार से वर्णन करो-

**Ans.** मृदा अपरदन :- मृदा की 1 cm. से 2 cm. परत को बनने में हजारो वर्ष लग जाते है लेकिन यह उपरी परत कुछ ही समय मे नष्ट हो जाती है।

विभिन्न मानवीय एवं प्राकृतिक हस्तक्षेप से मृदा की उपरी परत का स्थानांतरण या नष्ट होना मृदा अपरदन कहलाता है

मृदा अपरदन के प्रकार

मृदा अपरदन के पांच प्रकार होते है ⇒

(i) अवनालिका अपरदन
(ii) उत्खात भूमि / बीहड़ भूमि
(iii) जल या चादरी अपरदन
(iv) परत अपरदन / वायु अपरदन
(v) धरातलीय अपरदन

* (i) अवनालिका अपरदन :- चम्बल नदी बेसिन का ढाल तीव्र एवं उसमें कठोर व कोमल चट्टाने एकांतर क्रम मे स्थित होने के कारण चम्बल नदी के द्वारा इस क्षेत्र मे नाली नुमा जो गहरे-2 गड्ढे बनाये जाते है उसे अवनालिका अपरदन कहा जाता है।

→ राजस्थान में सबसे अधिक अवनालिका अपरदन कोटा जिले में, चम्बल नदी क्षेत्र में या राजस्थान के दक्षिणी-पूर्वी भाग में सबसे अधिक होता है।

(ii) उत्खात भूमि / बीहड़ भूमि

→ राजस्थान में चम्बल नदी बेसिन के अंतर्गत चम्बल नदी के द्वारा निर्मित उबड़-खाबड़ नुमा आकृति को उत्खात / बीहड़ भूमि कहा जाता है।

राजस्थान में इस प्रकार का अपरदन सर्वाधिक सवाईमाधोपुर, करौली एवं धौलपुर में देखने को मिलता है।

(iii) जल या चादरी अपरदन :- वर्षा के जल या नदी के द्वारा मिट्टी की ऊपरी परत को बहा देना जल या चादरी अपरदन कहलाता है।

→ राजस्थान में सबसे अधिक चादरी अपरदन सिरोही व राजसमंद जिले में देखने को मिलता है।

(iv) वायु अपरदन / परत अपरदन :- राजस्थान में तेज हवाओं के द्वारा मिट्टी की ऊपरी परत को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर देना परत या वायु अपरदन कहलाता है।

→ परत अपरदन राजस्थान में सबसे अधिक पश्चिमी राजस्थान में देखने को मिलता है।

(v) धरातलीय अपरदन :- धरातल पर तेज वायु, जल, नदियों के द्वारा धरातल की ऊपरी परत को स्थानांतरित कर देना धरातलीय अपरदन कहलाता है।

क्योंकि राजस्थान के सभी क्षेत्रों में देखने को मिलता है।

## मृदा अपरदन के कारण :->

(i) राजस्थान में वनों की अत्यधिक कटाई के कारण या वनों के हो रहे विनाश से मृदा का अपरदन बढ़ रहा है। राजस्थ

(ii) राजस्थान मे अत्यधिक पशु चारण से मृदा का अपरदन हो रहा है। क्योंकि भेड़ एवं बकरियां घास के मैदानों में घास को अंतिम सीमा तक खा जाते हैं। जिससे उन स्थानों पर धीरे-२ घास के मैदान नष्ट हो जाते हैं।

(iii) राजस्थान में वर्षा से पहले जो तेज आंधियां चलती है उससे मृदा का अत्यधिक अपरदन होता है।

(iv) राजस्थान के दक्षिणी एवं दक्षिणी-पूर्वी भागों में आदिवासियों के द्वारा वालरा कृषि से वनों का विनाश हो रहा है जिससे मृदा अपरदन बढ़ रहा है।

(v) राजस्थान का किसान गरीब होने के कारण कृषि की नवीन तकनीकों का उपयोग नही कर पाता जैसे- फसलों को हेर-फेर ~~बदल-२~~ कर बोना, खेतों की मेड़ बंदी करना एवं कृषि के अवैज्ञानिक तरीको से मृदा का अपरदन होता है।

(vi) राजस्थान में कंकरीट के जंगलों का विस्तार (बढ़ता हुआ शहरीकरण) मृदा अपरदन के लिए जिम्मेदार है।

## मृदा अपरदन के कुप्रभाव :→

(i) निरन्तर सूखा ।
(ii) बोई गई फसलों में बीजों का अंकुरण ना होना ।
(iii) निरन्तर जल स्तर का नीचा होना ।
(iv) नदी एंव नहरों के मार्ग अवरुद्ध होना ।
(v) भयंकर बाढ़ों का प्रकोप
~~(vi)~~

## मृदा अपरदन को रोकने के उपाय :→

(i) वृक्षा रोपण
(ii) अत्यधिक वनों के विनाश को रोकना / नियंत्रण ।
(iii) ढालों पर पट्टीदार खेती / कृषि करना ।
(iv) चारागाहों का विकास करना ।
(v) खेतों मे मेड़ बंदी करना ।
(vi) नदी के मार्गों मे बांधों का निर्माण करना ।
(vii) नहरो के दोनो किनारों पर वृक्षा रोपण करना ।
(viii) वायु की दिशा के विपरित वृक्षों की पट्टी लगाना ।
(ix) वैज्ञानिक कृषि को अपनाना ।
(x) फसल चक्र अपनाना ।

Ques राजस्थान में मृदा की समस्याओं का विस्तार से वर्णन करो-

(i) निरन्तर कृषि के उत्पादन में कमी होना :-

